State Council of Educational
Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं
प्रशिक्षण परिषद, छत्तीसगढ़,
शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

पृ. क्र/ सी.सी.ई/ एस.एस.ए./2014/ 2815 रायपुर दिनांक 12. 08. 2014 13.08.14

प्रति,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी

———— छ.ग.

विषय – फॉरमेटिव आकलन के मॉडल प्रश्न पत्र बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की नई गाइड के अनुसार शैक्षणिक सत्र में तीन फॉरमेटिव आकलन, अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जाना है। मूल्यांकन हेतु प्रश्न कैसे हो ?प्रश्नों का आधार क्या हो ? प्रश्न बच्चों को सीखने में कैसे मदद कर सकते हैं? इस पर परिषद में प्रश्न बैंक का निर्माण किया जा रहा है।

चूँकि प्रथम फॉरमेटिव आकलन अगस्त माह में किया जाना है इस हेतु परिषद द्वारा कक्षावार, विषयवार कक्षा तीसरी से आठवीं तक मॉडल प्रश्न पत्र का निर्माण किया गया है। आप अपने जिले के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आकलन हेतु किसी भी सेट का उपयोग कर सकते है या दिए गए ब्लू प्रिंट तथा दिशा निर्देशों के आधार पर नवीन प्रश्न पत्र भी तैयार कर सकते है। आकलन उपरांत आप अपने जिले के बच्चों की मूल्यांकित रेण्डम 25 –25 कापियाँ परिषद में भेजें।

प्रश्न पत्रों को आप परिषद की वेबसाइड में भी देख सकते है।

संलगन–

1.प्रश्न पत्रों की सी.डी।

2.दिशा निर्देश एवं ब्लू प्रिंट।

(संजय कुमार ओझा)
संचालक

पत्र क्र./सी.सी.ई./एस.एस.ए./ 2014/ 2816 रायपुर दिनांक 13.08.14

1.निज सहायक ,माननीय मंत्री जी , छ.ग.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नया रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2.सचिव, छ.ग.शासन. स्कूल शि. वि., मंत्रा. महानदी भवन, नया रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3.संचालक ,लोक शिक्षण संचालनालय,रायपुर छ.ग.को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
4.मिशन संचालक राजीव गांधी शिक्षा मिशन,राज्य परियोजना कार्यालय पेंशनबाड़ा रायपुर छ.ग.।
5.आयुक्त, आ.जा.क.विभाग रायपुर छ.ग.।
6. समस्त कलेक्टर ———— को सूचनार्थ।

संचालक

## दिशा –निर्देश

1. सर्वप्रथम कक्षावार, विषयवार पाठों को 10 इकाईयों में विभाजित करें।

2. प्रश्नों का वर्गीकरण एवं प्रतिशत निम्नानुसार हो –

(अ) प्रश्नों की प्रकृति के आधार पर प्रश्नों का वर्गीकरण–

- जानकारी आधारित – 20 प्रतिशत
- समझ आधारित – 50 प्रतिशत
- अनुप्रयोग आधारित – 30 प्रतिशत

(ब) शब्द सीमा के आधार पर वर्गीकरण –

- वस्तुनिष्ठ 40 प्रतिशत
- अति लघुतरीय 20 प्रतिशत
- दीर्घ उत्तरीय 40 प्रतिशत

3. फॉरमेटिव आकलन का प्रारुप –

| प्रश्नों का वर्गीकरण | वस्तुनिष्ठ प्रश्न 40% | | | लघुत्तरीय प्रश्न 20% | | | दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 40% | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जानकारी | समझ | अनुप्रयोग | जानकारी | समझ | अनुप्रयोग | जानकारी | समझ | अनुप्रयोग | |
| प्रश्न संख्या | 05 | 05 | – | – | 01 | 01 | – | 01 | 01 | 14 प्रश्न |
| अंक | 05 | 05 | – | – | 2.5 | 2.5 | – | 05 | 05 | 25 अंक |

4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के अंतर्गत बहुविकल्पीय प्रश्नों का समावेश अधिक हो क्योंकि राष्ट्र, राज्य एवं अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित सर्वे में बहुविकल्पीय प्रश्न ही पूछे जाते है।

5.फॉरमेटिव आकलन में कुल अंक 50 है। जिसमें 25 अंक लिखित आकलन में है। 25 अंक में प्रोजेक्ट,सर्व प्रदत्त कार्य, मौखिक कार्य किया जाना है। (विस्तृत जानकारी सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की नई गाइड लाइन)

6.जानकारी आधारित प्रश्नों का आशय ऐसे प्रश्न जिसका सार्वभौमिक उत्तर हो जो बच्चों द्वारा याद कर लिखा गया हो।

7.समझ आधारित प्रश्नों में तुलना करना, वर्णन करना वर्गीकरण करना, कारण बताओ आदि प्रश्न पूछे जा सकते है जिसका उत्तर बच्चे समझ कर लिख सके।

8.अनुप्रयोग आधिरित प्रश्नों का आशय ऐसे प्रश्न जिसका उपयोग बच्चा अपने दैनिक जीवन में करता है ।

संचालक